अपने छोटे-छोटे प्रयासों से बचा सकते हैं एक बड़ी राशि

अपने वित्तीय लक्ष्यों एवं उसे प्राप्त करने के तरीकों से आप भली-भांति अवगत हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए बहुत पहले बचत की आदत डालने की ज़रुरत होती है। भविष्य की आपात स्थितियों से निबटने के लिए बैंक-बैलेंस बढ़ाना, सार्वजनिक भविष्य निधि में निवेश के साथ-साथ समस्त कर्ज़ों को जल्द से जल्द चुकाने की आवश्यकता है। लेकिन समस्या यह है कि हमारे देश में अधिकांश लोग बीमा निवेश को इस रूप में नहीं देखते, वे बीमा को एक ऐसे व्यय के रूप में देखते हैं जिससे बचा जा सकता है। यहाँ तक कि आर्थिक रूप से संपन्न लोग जो प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं, बीमा खरीदना ज़रूरी नहीं समझते।

हर किसी के लिए दो बीमा पॉलिसियां बेहद आवश्यक है- (1) जीवन बीमा एवं (2) स्वास्थ्य बीमा - इन दोनों बीमा पॉलिसियों को जितनी कम उम्र में आप लेंगे भविष्य में उतनी हीं ज्यादा बचत होगी। चूंकि कंपनियों द्वारा दी गई पॉलिसी पर्याप्त कवर प्रदान नहीं करती तथा नौकरी छोड़ते हैं कवर समाप्त हो जाती है, इसलिए यह ज़रूरी है कि इसके अत्तिरिक्त अलग से पॉलिसी ली जाये जो निरंतर आपको कवर प्रदान करती रहे।

(1) जीवन बीमा - जब आपका परिवार आर्थिक रूप से आप पर निर्भर करता हो या आप पर कोई कर्ज़ या देनदारियाँ हों तब आपको जीवन बीमा पॉलिसी अवश्य लेनी चाहिए। जीवन बीमा खरीदने का सबसे मुख्य कारण है किसी अप्रत्याशित घटना के होने पर आपके परिवार एवं प्रियजनों को किसी आर्थिक समस्या से दो चार न होना पड़े। जीवन बीमा के द्वारा आप अपने प्रियजनों के भविष्य की सम्पूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता को सुरक्षित करतें हैं। यदि आपने कोई कर्ज़ लिया है या अपनी सम्पति को बंधक रखा है, तो जीवन बीमा पॉलिसी न केवल मन की शांति बल्कि आपके परिवार के लिए एक नियमित आय स्रोत भी प्रदान करता है। विशेषज्ञों द्वारा हमेशा यह सलाह दी जाती है कि पॉलिसी जितनी जल्द हो सके ले लेनी चाहिए क्योंकि आपकी उम्र जितनी कम होगी प्रीमियम भी उतना हीं कम होगा। साथ हीं, उम्र बढ़ने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियाँ होने की भी पूरी आशंका होती है जिसके बाद बीमा कम्पनियाँ या तो ऊँची प्रीमियम के साथ पॉलिसी देती है या पॉलिसी हीं अस्वीकार कर देती है। बीमा विशेषज्ञों का यह भी सलाह है कि आप जब तक अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण कमाने वाले सदस्य हैं तब तक के लिए आपको अपना बीमा करवाना चाहिए। वैसे भारत की सामाजिक एवं पारिवारिक ढांचा जहाँ अधिकतर पत्नियाँ शुद्ध गृहिणी होती हैं एवं आर्थिक रूप से आजीवन अपने पत्तियों पर निर्भर करतीं हैं, उनके लिए यह सुनिश्चित करना विवेकपूर्ण होगा कि कामकाजी व्यक्ति अपने पूरे जीवन भर के लिए बीमा ले, सुनिश्चित करे कि उनकी मृत्यु होने पर उनकी पत्नी को एकमुश्त राशि प्राप्त हो।

(2) स्वास्थ्य बीमा - अच्छी स्वास्थ्य-सेवा दिनों-दिन काफी महंगी होती जा रही है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के बिना एक छोटी-सी बीमारी के इलाज़ में निम्न या मध्यम आय-वर्ग परिवार की समस्त जमापूंजी ख़र्च हो जाती है। कभी-कभी कर्ज़ लेने को भी विवश होना पड़ता है। इसलिए, भविष्य की ऐसी किसी परिस्थिति से निबटने के लिए उचित बीमा - राशि की एक अच्छी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी अवश्य लें। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी कम उम्र में लेने का एक सबसे बड़ा फ़ायदा यह होता है कि अपेक्षाकृत बहुत कम प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है साथ हीं अधिक-से-अधिक बीमारियों का कवर भी मिल पाता है।

इस प्रकार, अपने छोटे-छोटे प्रयासों एवं सावधानियों से भविष्य की होने वाली किसी अनहोनी से चिंता मुक्त रह सकते हैं।

DISCLAIMER

This newsletter is for the personal information of the authorized recipient and does not construe to be any investment, legal or taxation advice to you.

Great Indian Marketing & Consulting Services Pvt Ltd. (hereinafter referred as GIMCS) is not soliciting any action based upon it.

The newsletter is based upon information that we consider reliable, but we do not represent that it is accurate or complete, and it should not be relied upon such. GIMCS or any of its affiliates or employees shall not be in any way responsible for any loss or damage that may arise to any person from any inadvertent error in the information contained in this newsletter. GIMCS or any of its affiliates or employees do not provide, at any time, any express or implied warranty of any kind, regarding any matter pertaining to this report, including without limitation the implied warranties of merchantability, fitness for a particular purpose, and non-infringement. The recipients of this report should rely on their own investigations. GIMCS and/or its affiliates and/or employees may have interests/ positions, financial or otherwise in the views mentioned in this report. This information is subject to change without any prior notice. GIMCS reserves the right to make modifications and alternations to this statement as may be required from time to time.

ABOUT US

InsuringIndia.com is India's first multilingual portal and one of the leading online insurance aggregators.
We provide an intelligent customer-centric online platform for our clients, in their language of choice, to compare and choose all types of insurance products.
www.insuringindia.com

CONTACT DETAILS

Corporate Office:
Plot-8, Sector-32, Urban Estate, Gurgaon-122001, Haryana, India
Phone: 0124 – 499 88 88
Email: research@insuringindia.com